दि स्टडी आफ इण्डियन ट्रेडीसन इण्डिया 1953 सिल्वर जुबली इसू तथा जर्नल आफ इण्डियया हिस्ट्री नं. 143 परशुराम विषयांक के अनुसार आज से पांच हजार वर्ष पहले एक जंगल में लड़ने के लिये कुछ रोड़ों को ललकारा लेकिन उन्होनं यह कहकर की हम रोड़ (योद्धा) नहीं है। लड़ने से इन्कार कर दिया था। यह घटना भी इसी रूरू की तरफ संकेत करती हैं।

क. मा. मुंशी द्वारा लिखित महामुनि ग्रन्थ व भगवान परशुराम ग्रन्थ जिसमें रूरू की परशुराम ।। के साथ विस्तृत लड़ाइयों का वर्णन हैं। जिसमें रूरू को शान्तनु के भाई सरदार महाबाहु का पुत्र रूरू दर्शाया गया है। यह घटना भी इसी चन्द्र वंशी द्वापर युग के रूरू की तरफ संकेत करती है।

बराह मिहिर की वृहत संहिता के हिसाब से अब यह 5102 वर्ष पुराना हो गया है। इसे पाण्डव व कलयुग सम्वत भी कहते हैं। यह अंग्रेजी वर्ष के समान चलता हैं।

1.8 चन्द्र वंश से 10 कुलों की उत्पत्ति :–

1. **काश्य वंश** : यह चन्द्र वंश की ही उपशाखा हैं। जिसका आदि पुरुष पुरूरवा था पुरूरवा, आयु, छत्रवृद्ध, सुहोत्र, काश्य, काशेय, राष्ट्र, दीर्घतया, धनवन्तरि (प्रसिद्ध वैद्य) केतुमान, भीम रथ, दीवोदास, प्रतर्दन, अर्लक, सन्नति, सुनीथ, सुकेत, धर्मकेतु, सत्यकेतु विभु, सुविभु, शुकुमार, घृष्टकेतु, वीतिहोत्र, भार्ग, भार्ग भूमि विष्णु पुराण 2/4/8/1–21 के मुताबिक 26 पीढ़ियां हुई।

2. **दुर्वसु वंश** :– महाराजा ययाति के पुत्र दुर्वसु से दुर्वसु वंश, द्रहनु से द्रहनु वंश तथा अनुवंश आदि हुये। दुर्वसु, वहीं, भार्ग, भानू, त्रयीमान, मरूत (सन्तानहीनगया)

3. **यदुवंश** :– यह वंश चन्द्र वंश की सबसे बड़ी शाखा हैं। यदु वंश भगवान श्री कृष्ण की वंशावली हैं। यदु, क्रोष्ठ, बजिनवान, स्वाही, रूशेकु, चित्ररथ, शशिबिदू, पृथश्रवा रूचक, ज्यामघ, विदर्भ, कृथ,

कुन्ति, घृष्ठि, निवृति, दशाही व्योम, भीमूथ, विकृति, भीमरथ, नवरथ, दशरथ, करम्भि, देवशत, दवेश्रत, मधु, अनु, पुरूहोत्र, आयु, सात्वत, वृर्ष्णि, चित्रथ, विदुरथ, सुरसेन, वासुदेव, श्री कृष्ण, द्रघुमन, बज्र, प्रतिबाहु, सुचारू, चालीस पीढ़िया हुई।

4. **हैहय वंश** :– हैहय वंश चन्द्र वंश की शाखा है। धर्मनेत्र, कुन्ति, सहजित, महिस्मान, भद्रश्रेष्य, दुर्दम, घनक, कृत वीर्य, सहस्त्रार्जुन सहस्त्राजुर्न का सेनापति रोड़ वंश के संस्थापक वीर रुरू थे ।

5. **पुरू वंश** :– यह वंश महाराजा ययति के वंशज पुरू का हैं।

6. **पांचाल वंश** :– महाराजा हस्ति के तीन पुत्र अजमीढ़, ढ़िजमीढ़, पुरमीढ़ थें। जिनसे तीन वंशों की उत्पत्ति हुई। अजमीढ़, नील, शान्ति, शुशन्ति, पुरंजय, ऋक्ष, ध्र्यश्व, मृदगल, बृहदस्व, देवादास, भित्रायु, च्यवन, सुदास, सोदास, सहदेव, शौमक, पृषक, द्रुपद (अर्जुन का साला) घृष्टकेतु।

7. **कुरू वंश** :– कुरु वंशज चन्द्रवंशी क्षत्रिय कहलाये। कुरु, जन्हू, सुघनू, सुहोत्र, चयवन, कृतक, वसु, ब्रहदर्थ, जरासंघ

8. **रोड़ वंश** :– राजा प्रतीप के तीन पुत्र शान्तनु, सरदार महाबाहु, राजा बालिका थे। सरदार महाबाहु के पुत्र रूरू से रोड़ वंश, राजा बालिका के पुत्र अरूट से अरोड़ वंश की उत्पत्ति हुई। प्रतीप, सरदार महाबाहु, रूरू, राजा तालम देव, बत्रीहोत्र, सहदेव, परूरिख आदि अहीनक तक 37 राजा चन्द्रवंशी हुये। अहीनक की सन्तान लड़की थी। सूर्यवंशी दामाद गद्धी पर बैठा अहीनक के बाद सूर्य वंश हुआ।

सन्दर्भ

1.1 महर्षि दयानन्द, सत्यार्थ प्रकाश, पृ॰ 286
–कन्मा॰ मुंशी भगवान परशुराम ग्रन्थ, महामुनि ग्रन्थ
–दि स्टडी ऑफ इण्डियन ट्रेडीसन इण्डिया 1953 सिल्वर जुबली इसू तथा जर्नल ऑफ इण्डिया हिस्ट्री नं॰ 143 परशुराम विषयांक
–राम लाल मनियाल रोड़ जाति का इतिहास, पृ॰ 35 से 38
–विष्णु पुराण व ब्रह्म पुराण
–जगे भाट सुलतान सिंह व देश राज कृत रोड़ इतिहास से

1.2 स्वामी विवेकानन्द, जाति–संस्कृति–समाजवाद

1.4 श्री वमन शिव राम संस्कृत, हिन्दी शब्द कोश, पृ॰ 860
–श्री सुमित्रा मंगेश कात्रे पाणिनी शब्द कोश, पृ॰ 465
–श्री माइनर विलियम संस्कृत अंग्रेजी शब्द कोश, पृ॰ 885
–व्याकर्णचार्य श्री बाल कृष्ण पण्चोली व्याकरण सिद्धान्त कौमुदी, पृ॰ 336

1.5 स्वामी विवेकानन्द, जाति–संस्कृति–समाजवाद, पृ॰ 1

1.6 विष्णु पुराण व ब्रह्म पुराण

1.7 आचार्य रामदेव भारत वर्ष का इतिहास-
–क्रन्मा॰ मुंशी, महामुनि ग्रन्थ व भगवान परशुराम ग्रन्थ
–महर्षि दयानन्द सत्यार्थ प्रकाश, पृ॰ 286

1.8 विष्णु पुराण, 2/4/8/1–21
–विष्णु पुराण, 4/7/1–5
–विष्णु पुराण, 4/11/1–30
–महामुनि ग्रन्थ, भगवान परशुराम ग्रन्थ
–पद्मपुराण
–राम दास रोड़, आर्य वीर रुरू से

अध्याय 2

2.1 रोड़ वंश 3182 ई. पूर्व से 620 ई. तक

राजा प्रतीप के तीन पुत्र शान्तनु, सरदार महाबाहु व राजा बालिका थे। रोड़ वंश के संस्थापक सरदार महाबाहु के ज्येष्ठ पुत्र रूरू थे। वह चन्द्र वंश के आर्य राजाओं की वंश वृक्षावली का 48वां राजा था। कं. मां. मुशी द्वारा लिखित भगवान परशुराम ग्रन्थ व महामुनि ग्रन्थ के अनुसार महाभारत से लगभव 80 वर्ष पहले अनूप देश (मध्य प्रदेश–गुजरात) के शासक सहस्त्रार्जुन की सेना में भर्ती हुआ। उन्ति कर–कर सेनापती तक पहुँचा। चर्मणमति (चम्बल) का राज्य स्थापित किया जो ग्वलियर–आगरा तक फैला हुआ था।

2.2 रोड़ वंशावली :–

1. राजा अत्रि
2. राजा सोम–चन्द्र वंश की उत्पत्ति हुई।
3. राजा बुध
4. राजा पुरूख–काश्य वंश की उत्पत्ति।
5. राजा आयु
6. राजा नहुष
7. राजा ययाति
8. राजा पुरू – पुरू वंश की उत्पत्ति।
9. राजा जनभेजय
10. राजा प्राचीनवान
11. राजा प्रवीर
12. राजा मनस्यू
13. राजा अभयपद
14. राजा सुधु
15. राजा बहुगत
16. राजा संयाति
17. राजा अहंयाति
18. राजा शैद्राश्व
19. राजा ऋतेयु
20. राजा भत्नार
21. राज तसु
22. राजा ऐलीन
23. राजा दुष्यन्त (दुरदान)
24. राजा भरत–इनके नाम से 'भारत देश' नाम रखा गया।
25. राजा मन्यु
26. राज बृहक्षत्र
27. राजा सुहोत्र

28. राजा हस्ती–इन्होंने हस्तिनापुर बसाया था।
29. राजा अजमीढ़ 30. राजा ऋक्ष
31. राजा संवरण
32. राजा कुरु – कुरु वंश की उत्पत्ति व कुरुक्षेत्रा के संस्थापक थे।
33. राजा जन्हू 34. राजा जनमेजय
35. राजा सुरथ 36. राजा विदुरथ
37. राजा सर्वभौम 38. राजा जयत्सेन
39. राजा अराधित 40. राजा आयुतथु
41. राजा अक्रोधन 42. राजा देवतिथि
43. राजा ऋक्ष 44. राजा भीमसेन
45. राजा दीलीप 46. राजा प्रतीप

47. **राजा शान्तनु : सरदार महाबाहु : बालिका** सरदार महाबाहु के ज्येष्ठ पुत्र रूरू रोड़ वंश के संस्थापक थे। महाभारत से लगभग 80 वर्ष पुर्व ही रोड़ वंश कुरू वंश से अलग हुआ। बालिका के पुत्र अरूट जो अरोड़ वंश के संस्थापक थे।

2.2 भाटों द्वारा प्रदत्त साम्रग्री के अनुसार इलाहाबाद के शासक यंयाति के वंशज दुरदान (दुष्यन्त) से 26 पीढ़ियां गुजरनें पर रोड़ वंश के संस्थापक राजा रूरू हुये। नीचे राजा रूरू से आगे रोड़ वंश की 73 चौंकड़िया पीढ़ियों का वर्णन किया गया है।

2.3 गांगेय द्वारा कांशी राज की तीन पुत्रियों का अपहरण

विचित्रवीर्य का स्वास्थ्य कमजोर था। वह शस्त्र चलाने में भी निपुण नहीं था। दोनों भाई चित्रागंद व विचित्रवीर्य स्वभाव से चिड़चिड़े थे। कानाफूंसी से अन्य राजप्रासादों में भी यह समाचार पहुंच गया था कि उनकी माता का वंश कैसा है। इस लिये शान्तनु के दो लड़कों विचित्रवीय और चित्रागंद को कोई भी राजा अपनी लड़की देने को तैयार नहीं था। राजमाता को इस परिस्थिति ने घोर संकट में डाल दिया था। गांगेय ने इसके लिए एक हल निकाल ही लिया था।

कांशीराज अपनी तीन पुत्रियों अम्बा, अम्बिका, अम्बालिका के स्वयम्वर की योजना बना रहा था। उसने सभी आर्य राजाओं को अपनी लड़कियों के स्वयम्बर के लिये निमंत्रण दे दिया था। राजा शान्तनु को इस निमंत्रण से वंचित रखा गया था। गांगेय सेना लेकर कांशी राज के राज्य से उसकी तीन लड़कियों का अपहरण कर लाये। बड़ी लड़की ने चित्रागंद व विचित्रवीर्य दोनों में से किसी एक को वर मानने से इन्कार कर दिया। दोनों छोटी लड़कियों की शादी चित्रागंद व विचित्रवीर्य से कर डाली।

अम्बा ने इन दोनों राजकुमारों को वर मानने से इन्कार कर दिया था। उसने कहा कि वह तो राजा शाल्व का वरण कर चुकी है। स्वयम्बर में वह उसे वरमाला पहनाने वाली थी पर गांगेय ने उसका अपरहण करके उनका जीवन नष्ट कर दिया है। इसलिये केवल गांगेय को ही वर मान सकती है। क्योंकि गांगेय उनको शक्ति से जीत कर लाया है। क्षत्रिय धर्म इसके लिये आज्ञा देता है। यह सुनकर गांगेय ने शाल्व के पास ऐसे भिजवा दिया। मानों वह कुरु कन्या हो, लेकिन शाल्व नरेश ने अम्बा के साथ शादी करने से इन्कार कर दिया। उसने कहा, कि इतने लोगों के सामने गांगेय ने उसे हराकर अम्बा को जीता है। वह भी क्षत्रिय है। अब भेंट रूप में वह उसे स्वीकार करे यह उचित नहीं है। अम्बा अत्यन्त क्रुद्ध होकर गांगेय के पास लौटी और उससे कहा कि तुम्हीं ने मेरा जीवन नष्ट किया है। अब तुम ही मुझ से विवाह कर के मेरा उद्धार कर सकते हो। गांगेय ने अम्बा की बातें बड़े ध्यान से सुनी फिर उसको समझाया कि मैंने विवाह न करने का व्रत लिया है। इसलिए उचित यही होगा कि तुम मेरे छोटे भाईयों में से किसी एक के साथ विवाह कर लें या फिर कोई दूसरा पति ढूंढ ले। वह इस बात पर बिल्कुल सहमत नहीं थीं। उसने कहा कि या तो गांगेय का विवाह उसके साथ कर दिया जाये अन्यथा फिर गांगेय को धरती पर जीवित देखना कठिन होगा। गांगेय तुमने जो हम तीन बहनों का शक्ति के जोर पर अपहरण किया है और फिर हमसे शादी न करके हमारे माता–पिता व हमारी आत्मा को सताया है। इस भयंकर संकट का सामना आपको व आपके परिवार को करना ही होगा। मैं शपथ लेती हूं कि मैं आपके इसी जीवन में

आपसे बदला अवश्य लूंगी चाहे मुझे दुबारा जन्म लेना पड़े और उस समय तक आपको जीवित रहना ही पड़ेगा। 'औरत का पुत्रवती न होना ही उसके जीवन के लिए सबसे बड़ा श्राप है। इस श्राप के लिए गांगेय तुमने ही मुझे बाध्य किया है। क्षत्राणी का यही सबसे बड़ा धर्म है कि वह धरती माता की रक्षा के लिए योग्य वीर पुत्र को जन्म दे कर धरती माता के कर्ज से मुक्त हो सकती है।

उसने मांग की कि उसको उसके नाना होत्रवाहन के आश्रम में हिमालय भेज दिया जाये। ऋषि शैखावत के आश्रम में पहुंचते ही नाना व ऋषियों ने उसकी बातें सुनकर उसे समझाया कि वह अपनी हठ छोड़ दे। लेकिन अम्बा ने अपना अधिकार दिलाया जाने बारे सबको कहा। उसके बाद गांगेय को आश्रम में बुलाया गया।

अम्बा का कद ऊंचा था । बाल बिखरे हुए थे। जब उसने गांगेय को अपने नाना होत्रवाहन के पास बैठा हुआ देखा तो उस की मांसपेशियां तन गई और वह आवेग से कांपने लग गई । गांगेय के साथ उनकी माता सत्यवती भी थी। सिंहनी के समान क्रुद्ध आंखों से उसने गांगेय को यों देखा मानों उछल कर उस पर आक्रमण करने वाली है। इसके बाद वह सत्यवती की तरफ उंगली करके बोली 'यह चुड़ैल' है। यह दुष्टा है। भगवान मेरा वश चले तो इसकी आंख निकाल लूं। तूं ही मेरे मार्ग में बाधा बनी है। अम्बा ने चीखकर कहा मैं सब जानती हूं। तूंने जब शान्तनु से विवाह किया । तभी से तुमने यह शादी न करने की अड़चन उत्पन्न कर रखी थी। तूंने ही गांगेय को यह प्रतीज्ञा लेने को विवश किया था कि वह जीवन भर विवाह न करेगा। तुम्हारा पुत्र द्वैपायन जो तुम कुंवारी से उस पंगु ऋषि (साधु) पराशर की देन है उसी की सलाह से ही गांगेय ने कांशीराज की कन्याओं का अपहरण किया था।

चित्रागंद के सिंहासन पर बैठते ही अनूप देश के राजा सहस्त्रार्जुन ने आर्यवर्त पर हमला कर दिया था। चित्रागंद लड़ाई में मारा गया था। विचित्रवीर्य जो अक्सर बीमार रहता था। जिसका स्वास्थ्य बहुत ही कमजोर

था। विचित्रवीर्य का भी बीमारी के कारण स्वर्गवास हो गया था। दोनों राजकुमारों के स्वर्गवास हो जाने से हस्तिनापुर को एक भयंकर संकट ने आ घेरा था। इस समय हस्तिनापुर के लिए कोई भी उत्तराधिकारी जीवित नहीं था। दोनों पुत्रवधुएं निसन्तान विधवा हो गई थी।

2.3 क) सरदार महाबाहु

अम्बा केवल एक ही बात पर डटी हुई थी। केवल गांगेय के साथ शादी। गांगेय ही उसे शक्ति से जीत कर लाया है। इस लिए वह गांगेय से ही शादी कर सकती है। सभी ऋषि व अम्बा के नाना होत्रवाहन सहित सभी गांगेय पर शादी बारे ही दबाब डाल रहे थे। पर गांगेय ने यह बिल्कुल स्वीकार नहीं किया।

राज्य सभा की आपातकाल बैठक बुलायी गयी जिसमें कुरू साम्राज्य के दो प्रमुख सरदार महाबाहु व सरदार सुकेतु, मन्त्री कुणिक, राजपुरोहित, आचार्य विभूति, राजमाता और राजमाता के प्यारे सुपुत्र द्वैपायन बैठे थे। सभी आपस में बड़ी गहराई से बातचीत करते रहे थे । बाद में उन्होंने गांगेय को बुला लिया। तब आचार्य विभूति बोले, 'भरतश्रेष्ठ हमने पूरा दिन व आधी रात सभी दृष्टिकोणों से विचार करके देखा है । हम सभी को यही लगता है कि आपको विवाह कर लेना चाहिये। पुत्र के बिना आपके पिता को, पितरों को और जब आप स्वयं पितृलोक में जायेंगे, तब आपको भी तर्पण बिना रहना पड़ेगा।

''आपके भाईयों में से कोई भी जीवित नहीं है और आप शादी नहीं कर रहे हैं। इस प्रकार तो आपका परिवार ही सर्वनाश हो जायेगा। आप जो तीन कांशीराज की कन्यायें लाए थे। उनका क्या होगा। आपके आगे एक ही रास्ता है वह शादी का रास्ता है। इस परिवार का भविष्य अंधकार में दिखायी पड़ता है। कुछ समय के बाद यह परिवार समाप्त हो जायेगा। इन रानियों से पहले तो सन्तान होने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता अगर कोई सन्तान आपके शादी किये बगैर हुई भी तो वह वर्ण शंकर सन्तान होगी। वर्ण शंकर सन्तान उस परिवार को नरक में धकेल देती है। इसलिए

गांगेय आप विवाह करके ही इस परिवार का सर्वनाश होने से बचा सकते हो।'' सरदार महाबाहु ने कहा।

यह स्थिति असहाय है। कुरूओं की सत्ता छिन्न–भिन्न हो जायेगी। इस समय इस परिवार को विनाश होने से आप ही बचा सकते हैं। वरन् आने वाली पीढ़ी आपको क्षमा नहीं करेगी। एक राष्ट्र या देश के सम्मुख उसके हित को देखते हुए यह जरूरी बन गया है कि एक योग्य राजकुमार इस राज्य को दिया जाये। आपने जो ब्रह्मचारी रहने की शपथ ली है वह आपकी माता मत्सगन्धा के स्वार्थ की वजह से ली है। उस शपथ से आज वही आपको मुक्त कर रही है। इस शपथ में जो आपने सारा जीवन ब्रह्मचारी रहने और शादी न करने का निर्णय लिया था। इसमें केवल एक व्यक्ति का स्वार्थ निहित है। राष्ट्र का स्वार्थ सब स्वार्थो से ऊपर है। राष्ट्र का स्वार्थ यह है कि उसे एक योग्य राजकुमार चाहिए। राष्ट्र हित किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत हित से काफी आगे है। इसलिये आपको किसी के व्यक्तिगत हित से ऊपर उठ कर राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिये''। सरदार महाबाहु ने कहा।

आपके पिता तथा आपके द्वारा स्थापित धर्म के साम्राज्य का पतन हो जाएगा। पूज्य माता जी का भी यही मत है। आपने अपनी माता सत्यवती के कहने पर ही इस कठोर प्रतिज्ञा का पालन किया था कि आप आजीवन ब्रह्मचारी रहोगे। अब आपको माता ही यह कहती है कि आपको शादी कर लेनी चाहिए और सिंहासन सम्भाल लेना चाहिए। वह अपने द्वारा लिया गया वचन गांगेय को वापिस करती है और शादी करने की आज्ञा देती है। इसलिए गांगेय को शादी कर के इस साम्राज्य को बचा लेना चाहिये। आचार्य विभूति ने कहा।

कुरूओं में सबसे वरिष्ठ महाबाहु ने कहा, 'गांगेय यदि तूने विवाह नहीं किया और यदि तूने राजगद्दी स्वीकार नहीं की तो कुरूओं के समक्ष एक गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। यह स्थिति कितनी भयानक होगी। यह तुझे समझाने की आवश्यकता नहीं है। यदि राजगद्दी पर तूं नहीं बैठता है तो रिश्ते में सबसे निकट होने के कारण इस पर मेरा अधिकार बनता है। मुझे

तो राजगद्दी नहीं चाहिये, लेकिन मेरा ज्येष्ठ पुत्र रूरू इसको ग्रहण करेगा और उस पर उसका उचित अधिकार है। वह वीर है। वह एक अच्छा शासक बन सकता है। लेकिन मैं जानता हूं कि वह कुरूओं को संगठित नहीं रख सकेगा। क्योंकि आप राजमाता सत्यवती के आगे वचनबद्ध है। इसलिए आप उचित या अनुचित, ठीक या गलत देखे बिना वही करोगे जो आपको करने के लिए माता सत्यवती कहेंगी। माता सत्यवती आपको वही करने के लिए कहेगी जो उनको द्वैपायन कहेगा। अर्थात इसमें आप अपनी इच्छा से या राष्ट्रहित, परिवारहित में कुछ भी कर पाने में असहाय ही सिद्ध होंगे। इसलिए सभी व्यक्तिगत स्वार्थो से ऊपर उठ कर राष्ट्रहित में ही विचार करना चाहिए इसलिए राजगद्दी त्यागना मेरे लिए अस्वाभाविक हो सकता है। किन्तु मैं अपने परिवार की अपेक्षा हस्तिनापुर से अधिक प्रेम करता हूं।'' आपको भी व्यक्तिगत जीवन से ऊपर उठकर शासन सम्भाल लेना चाहिए, और शादी कर लेनी चाहिए।

आचार्य विभूति ने कहा, ''गांगेय उस स्थिति में आपका अपना जीवन दुभर हो जाएगा। हो सकता है आपके चाचा महाबाहु का परिवार आपका नेतृत्व स्वीकार भी न कर सके सबसे बड़ा भय तुम्हारे चचेरे भाई सरदार महाबाहु के ज्येष्ठ लड़के रूरू से है। वह एक कुशल सैनिक व वीर योद्धा है''।

'चाचा जी' गांगेय अत्यन्त उदास और धीमें स्वर में बोले, ''मुझे पता चला है कि मेरा व्यवहार शायद कुरूओं को अपराध और देवताओं की दृष्टि में पाप प्रतीत होगा और इससे मेरे पिता का, पितरों का या स्वयं मेरा तर्पण कर सके ऐसे पुत्र का जन्म नहीं होगा। एक क्षण गांगेय रूके और फिर बोले, ''सम्भव है। मेरे जीवन काल में ही भाई–भाई के बीच युद्ध छिड़ जाये, ''आप राजगद्दी स्वीकार नहीं करेंगे इस धारणा के आधार पर तो षडयन्त्र शुरू भी हो गए हैं''। आचार्य विभूति ने कहा।

गांगेय ने धींमे स्वर में कहा, ''शायद इस सारे दुर्भाग्य का मूल मैं ही हूं। कृपया करके मुझे प्रतिज्ञा तोड़ने के लिए न कहें। मेरे लिये वह मृत्यु से

भी अधिक कष्टप्रद घटना होगी। वह मुझ में निवास करने वाले धर्म की मृत्यु होगी।

ब्रह्मिष्ठ ने घरघराती आवाज में कहा, 'कुल श्रेष्ठ प्रतिज्ञा भंग के बारे में सोचते हुए आपने जिस संघर्ष को झेला है। वह हमें ज्ञात है। एक अन्य उपाय भी है और राजमाता की उसमें सहमति है। आप प्रतिज्ञा भंग किये बिना सम्राट शान्तनु के वंश को विलिन होने से बचा सकते हो। ''ऐसा कौन सा मार्ग है''। गांगेय ने पूछा, ''मुझे तो कोई सूझता नहीं।

ब्रह्मिष्ठ ने कांपती आवाज में कहा, ''नियोग का। आजकल नियोग की प्रथा प्रचलित नहीं है। लेकिन पूज्य ऋषियों की इसे स्वीकृति प्राप्त है''। वंश बेल को काटने वाला इन्सान अनेकों जन्मों के पुण्य को नष्ट कर जाता हे। वंश बेल को बनाये रखना ही सबसे बड़ा धर्म, पुण्य माना गया है। गांगेय को यह सुनकर धक्का लगा। उन्होंने कहा, ''आपका आशय है कि मैं अपने छोटे भाईयों की पत्नियों से अपने लिये सन्तान प्राप्त करूं?

''यह प्राचीन प्रथा है जो ऋषियों द्वारा अनुमोदित है''। ब्रह्मिष्ठ ने कहा, गांगेय को यह सुन कर धक्का लगा। उन्होंने कहा, ''आपका आशय है कि मैं अपने छोटे भाईयों की पत्नियों से अपने लिए सन्तान प्राप्त करूं?

''यह प्राचीन प्रथा है जो ऋषियों द्वारा अनुमोदित है''। ब्रह्मिष्ठ ने कहा। गांगेय का चेहरा तम–तमा उठा। बड़ी कठिनाई से उन्होंने अपने क्रोध को नियन्त्रित किया और बोले, ''मैं कांशी की राजकुमारियों से पुत्र उत्पन्न करूं। जिन्हें मैं अपनी पुत्रियों के समान समझता हूं। नहीं–नहीं ऐसा तो मैं सोच भी नहीं सकता। ''कभी–कभी जीवित बचे भाई का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि वह वंशबेल बनाये रखे। वेदों का कहना है कि वंश वृक्ष को उखड़ने मत दो। ब्रह्मिष्ठ ने कहा। महाबाहु के ह्रदय में आशा जाग उठी, उन्होंने तुरन्त ही कहा, ''मेरे परिवार में एक बार नियोग का प्रयोग हो चुका है। मेरे दादा का जन्म इसी रीति से हुआ था। गांगेय ने आघात से सम्भलते हुए दृढ़ता से कहा, ''नहीं मैं यह नहीं करूंगा नियोग विवाह ही है''।

आचार्य विभूति ने शान्ति से समझाने का प्रयत्न किया। आप यह अपनी वासना पूर्ति के लिए नहीं करते हैं। बल्कि पितरौ का कर्ज चुकाने के लिए करते हैं। वंश बेल तो चलनी ही चाहिए। विवाह और नियोग दोनों में बड़ा अन्तर है। जिस कुल में पितरौं को तर्पण देने वाला उत्तराधिकारी नहीं होता है। वह कुल नरक में जाता है। बगैर पुत्र माता–पिता की मुक्ति भी असम्भव है। फिर नियोग विवाह नहीं है। यह भोग–विलास के लिए नहीं किया जाता है। यह रीति केवल वंश चलाने के लिए ही प्रयोग की जाती है। अम्बा के बारे तो गुरू परशुराम ने भी आपको कहा है। नीति के अनुसार से देखा जाये तो तीनों कांशी राजकुमारियों को आप ही अपनी शक्ति से जीत कर लाये थे। इसलिए आपका उन पर पूरा अधिकार है। फिर यह कोई शादी तो नहीं है। यह तो नियोग की क्रिया से सन्तान प्राप्त करने की विधि है और वह भी परिवार की मानमर्यादा को बचाने के लिये व परिवार को नरक में जाने से रोकने के लिये यह जरूरी है।

ब्रह्मिष्ठ ने कहा, ''आपकी प्रतिज्ञा तो विवाह न करने की है। लेकिन नियोग तो विवाह है ही नहीं''। आचार्य विभूति ने कहा, ''गांगेय आपके दुःख और आत्मसंघर्ष को देख कर हम कम दुःखी नहीं है। लेकिन यदि आप हमारे विचार पर गहराई से विचार करेंगे तो पायेंगे कि इसके अतिरिक्त दूसरा कोई उपाय है ही नहीं।''

गांगेय ने निर्णयात्मक रूप में कहा, ''विचार करने की मुझे तनिक भी आवश्यकता नहीं है। मैं जानता हूं कि यदि मैं अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहा तो इससे अनेक संकट पैदा हो जायेंगे। इस का एक मात्र उपाय यही है कि मेरा जीवन अब ऐसा हो कि आने वाले वर्षो में राजसिंहासन पर जो भी बैठे उसकी शक्ति कम न हो और धर्म की स्थापना हो, प्रसार हो। माता सत्यवती ने पल्लू से चेहरा ढांप लिया ताकि कोई उनके चेहरे पर व्यक्त हुई वेदना का भाव देख न सके।

ब्रह्मिष्ठ ने कहा, ''पर यदि कोई और सम्बन्धी राजगद्दी पर बैठ गया तो आपकी माता की क्या दशा होगी। इसका तो विचार करो। यह आपकी

माता की इच्छा है कि आप नियोग द्वारा इन रानियों से सन्तान पैदा करें। वचन भी आपसे शादी न करने का आपकी माता ने ही लिया था। अब आपकी माता ही उस लिए गए वचन को वापिस लौटा रही हैं।''

गांगेय ने कहा, ''जब तक मैं जीवित हूं तब तक मां का गौरव और अधिकार बनाये रखूंगा। सत्ता में न रहते हुए भी मैं यही ध्यान रखूंगा कि माता को पूर्ववत् आदर व निष्ठा प्राप्त होती रहे। माता कुरूओं की कुल देवी है। और जब तक जीवित रहेंगी । कुरूओं की कुलदेवी बनी रहेंगी।

गांगेय के नियोग द्वारा सन्तान उत्पति बारे इन्कार किया जाने के बाद माता सत्यवती एक दम रूख बदल गई। कोई भी दरबारी यह विश्वास नहीं कर पा रहा था कि माता सत्यवती अचानक इतना कठोर निर्णय ले सकती हैं। शान्तनु का जो वंशज न हो उस पर आश्रित होकर जीना उनको पसन्द नहीं था। माता सत्यवती ने यह स्पष्ट कर दिया था। उनकी यह अभिव्यक्ति वज्रपात के समान थी। जिसे देख कर सभी स्तब्ध रह गये थे। इससे गांगेय को बहुत बड़ी ठेस पहुंची।

माता सत्यवती ने ऋषि व्यास, मन्त्री कोडिन्य, कुलपुरोहित ब्रह्मिष्ठ से मन्त्रणा करके इस निर्णय पर पहुंची कि कांशीराज की कन्याओं को नियोग द्वारा पुत्र प्राप्त हों। दोनों राजकुमारियां सत्यवती के पुत्र द्वैपायन से नियोग कर के सन्तान पैदा करेंगी। इससे गांगेय तो सहमत हो गए। लेकिन कुरूओं के सबसे वरिष्ठ सरदार महाबाहु व उनके ज्येष्ठ पुत्र रूरू ने इसका खुलकर विरोध किया। क्योंकि द्वैपायन कुंवारी मत्सगन्धा से पैदा हुआ था। सरदार महाबाहु व उनके पुत्र रूरू उसको क्षत्रिय नहीं मानते थे। उसका राजघराने से भी कोई सम्बन्ध नहीं था। इसलिए कांशीराज कन्याओं के साथ द्वैपायन से नियोग करवाना बिल्कुल उचित नहीं था। गांगेय के इससे इन्कार किए जाने के बाद कांशीराज कन्याओं के साथ नियोग इनके चचेरे भाई सरदार महाबाहु के लड़के नायक रूरू से ही करवाया जाये। क्योंकि वह क्षत्रिय भी है। राजघराने से भी उनका खून का रिश्ता है। महारानी सत्यवती इसके पक्ष में न थी। गांगेय तो पहले ही सहमत थे। वे माता के किसी भी आदेश की

उलंघना नहीं कर सकते थे। मन्त्री कोडिन्य, राजपुरोहित ब्रह्मिष्ठ, ऋषि द्वैपायन ये सभी मिलकर महारानी सत्यवती को सरदार महाबाहु व उनके पुत्र के खिलाफ भड़का रहे थे। द्वैपायन को ही इसके लिए उचित ठहराने के प्रयत्न कर रहे थे।

सरदार महाबाहु जो शान्तनु के छोटे भाई व शाही सेना के सेनापति थे। वह कुरू वरिष्ठ थे। सरदार महाबाहु इस बात को सहन नहीं कर सका और उसने क्रोध में आकर अपने परिवार व लड़के नायक रूरू के साथ हस्तिनापुर राज्य को छोड़कर कुरूक्षेत्र के जंगलों में चले गए।

2.4 वीर रूरू :

नायक रूरू शान्तनु के छोटे भाई सरदार महाबाहु का ज्येष्ठ पुत्र था वह आर्य राजाओं की वंश वृक्षावली का 48वां राजा था। वह पुराणों, महामुनि ग्रन्थ, भगवान परशुराम ग्रन्थ अनुसार अपने प्रयत्नों से अनूप देश के राजा सहस्त्रार्जुन की सेना में सेनापति बना और चर्मणामती चम्बल घाटी का राजा बना। जिसका भुभाग झांसी, भैरागढ़, ग्वालियर, आगरा, बादलगढ़ तक फैला हुआ था। वह महाभारत से लगभग 80 वर्ष पहले सहस्त्रार्जुन की सेना में भर्ती हुआ। महाभारत सम्वत इस समय 5102 वर्ष है। इसमें 80 वर्ष जोड़ने से 5182 वर्ष पूर्व रूरू का कार्यकाल था।

महाभारत के युद्ध के लिये अभी कई वर्ष बीतने थे। युग स्थानान्तरण

होने में अभी एक सदी का समय बकाया था। उन पांच देव पुत्रों पाण्डवों जिनका अभी तक जन्म भी नहीं हुआ था। महाभारत में उनकी विजय के लिये शिलान्यास इसी राजा रूरू द्वारा महिष्मती राज्य के रूप में स्थापित किया जा चुका था। उन पांच देव पुत्र पाण्डवों जिनको 13 वर्ष बनवास दिया जाने में अभी अनेकों वर्षों का अन्तर पुरा किया जाना था। उन्होंने यह बनवास राजा रूरू द्वारा स्थापित किये गये चर्मणामती चम्बल घाटी व विराट नगर बैकुण्ठ से गुजारना था। महाबली भीम जिनका अभी जन्म भी नहीं हुआ था। उन्होंने इसी महिष्मती राज्य की गोमती नदी के किनारे पर गिरनार पर्वत की तलहटी में बसे यादव गोत्र के पास नाग गोत्र की कन्या हिडिम्बा से शादी होनी थी। और घटोत्कच जैसे महावीर का जन्म इसी महीष्मती राज्य के एक साम्राज्य में होना था।

पाण्डवों का महाभारत में लड़ने व शौर्य दिखलाने के लिये हस्तिनापुर से बाहर के आर्य राजाओं द्वारा जो इसी महीष्मती साम्राज्य के संघ के राज्य थे। उन राजाओं द्वारा पाण्डवों को सैनिक सहायता दी जानी थी। जिसमें कई वर्षों का समय गुजरना अभी शेष था। महावीर घटोत्कच जिनकी शिक्षा, शस्त्र सिखलाई इसी महिष्मती साम्राज्य के एक राज्य जिसका नाम गान्धर्व राज मृत्कावती राज्य था। उसमें होने के लिये अनेकों वर्षों का गुजरना आवश्यक था।

लड़ाईयां :

सहस्त्रार्जुन ने अपने नायकों को गढ़ के प्रांगण में एकत्रित किया। तुण्डीकेरा गोत्र का राजपुत्र रूरू अपने तुण्डीकेरा नायकों को साथ लेकर एक और खड़ा था। सहस्त्रार्जुन ने अपने नायकों का मन पहचान लिया था। वो सब दिल से वीर रूरू का सम्मान करते थे। सहस्त्रार्जुन ने वीर रूरू को महाबलाधिकृत के पद पर नियुक्त कर दिया था। महाबलाधिकृत रूरू सहस्त्रार्जुन का दायां हाथ था। वह एक योद्धा की वेशभूषा में था। सहस्त्रार्जुन उग्र और विकराल लग रहा था। राम सहस्त्रार्जुन द्वारा जेल में डाला हुआ था। यह वही राम था जो बाद में परशुराम के नाम से प्रसिद्ध हुआ था। राम को कैद में डालने के बाद से सभी भृगु गोत्र राजा सहस्त्रार्जुन के शत्रु बन

गये थे। वो राम को छुड़ाना चाहते थे। ''ये भृगु लोग मेरा राज्य छीनना चाहते हैं। इसीलिए ये यहां पर एकत्रित हुए हैं। और यह राम हमारा सब से बड़ा शत्रु है। जिस बारे पूरी सावधानी रखनी हमारा सबका कर्त्तव्य बनता है।

भृगु विद्रोह का दबाना :

ज्यों ही राम को अनूप देश में कैद कर दिया उसी समय भृगु गोत्र ने विद्रोह कर दिया। राम जमदग्नि का लड़का और अनूप देश के भूतपूर्व राजापुरोहित ऋचक के पौत्र थे। ऋचक अनूप देश को छोड़कर आर्यवर्त में भाग गया था। 'ये भृगु लोग मेरा राज्य छीनने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। और यह राम जिसने अब जेल में ही परशु धारण करने का निर्णय ले लिया है। जिससे यह भृगु गोत्र में यह परशुराम के नाम से जाना जाने लगा है। इनको कुचलना है ताकि भविष्य में ये विद्रोह का नाम लेने से भी डरे''।

परशुराम और उसके शिष्यों को छोड़ मत देना वह ही एक मात्र वीर पुरूष है। जो भृगुओं को एक लड़ी में पिरो सकता है। महाबलाधिकृत ने अपनी सेनाओं को लेकर इस विद्रोह को कुचल दिया। भृगु सेना की कमान राजा प्रतीप के हाथों में थी। प्रतीप की सेनाएं हार कर भाग गई।

रूरू बड़ी गहरी समझ का आदमी था। हैह्य साम्राज्य को बनाये रखने में ही उसकी तथा उसके कुल की विजय थी। सहस्त्रार्जुन चाहे जैसा भी था, पर वह एक साम्राज्य का स्वामी और हैह्य सघ का शिरोमणि था। यह बात वह भूल नहीं पाता था। वह उसे और उसके कुल को भूल नहीं पाता था। यह बात वह भली भांति जानता था कि महिष्मती देश के हैह्य गौत्र के बाद दूसरा आर्य गौत्र तुण्डिकेरा था। बड़े ये दो गौत्र ही थे इनके अलावा दूसरे शर्यात, यादव, भृगु आदि कई आर्य गौत्र यहां पर रहते थे।

लंका की लड़ाई :

सहस्त्रार्जुन की महत्वकांक्षा दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी। रूरू को महाबलाधिकृत के पद पर नियुक्त करके वह अपने राज्य की सीमायें बढ़ाने की सोचने लग गया था। लंका के राजा रावण द्वितीय पर आक्रमण

करने की तैयारियां आरम्भ हो गयी। समुद्री पोत तैयार किए गए। समुद्री पोत इतने विशाल थे कि घोड़ों समेत सैंकड़ों सैनिक उनमें यात्रा कर सकते थे। काफी मात्रा में शस्त्र व खाद्य सामग्री इक्ट्ठी की गई।

अरब देशों में घोड़ों, ऊंटों के व्यापार में बहुत बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। इसलिए सहस्त्रार्जुन चाहता था कि व्यापार समुद्री रास्ते से किया जाये। आर्यवर्त से होते हुए कन्धार–गन्धार पहुंचने से रास्ते में अनेक गौत्र ऐसे पड़ते थे। जो सामान को रास्ते में ही लूट लेते थे। समुद्री रास्ता व्यापार के लिए काफी सुरक्षित रास्ता था। इसलिए लंका को अपने अधीन करना आवश्यक हो गया था।

सहस्त्रों पोत तैयार किये गए। एक–एक पोत इतना बड़ा था जिसमें अनेकों घोड़े व खाद्य सामग्री आ सकती थी। महाबलाधिकृत रूरू के नेतृत्व में एक शक्तिशाली सेना लंका के लिए तैयार की गई । इस वाहिनी के साथ सहस्त्रार्जुन भी तैयार था। एक बात यहां साफ कर देना चाहता हूं कि कुछ लोग व ग्रंथ भ्रम में फंसे हुए है कि परशुराम रावण के समय भी जीवित थे और महाभारत के समय भी जीवित थे। लेकिन यह भ्रम बिल्कुल झूठ है। क्योंकि प्राचीन ग्रंथों, महामुनि नामक ग्रंथ, परशुराम ग्रंथ व स्कन्धों के अनुसार परशुराम का बचपन से ही सहस्त्रार्जुन की कैद में होना सिद्ध होता है। ये ग्रंथ यह भी साफ कर देते हैं कि व्यास, गांगेय, रूरू, परशुराम द्वितीय मन्त्री कुणीक आदि समकालीन थे। जिन रावण का हवाला आता है वह रावण रामायण के समय वाले नहीं थे। बल्कि इनके समकालीन रावण द्वितीय थे। जब सहस्त्रार्जुन ने लंका पर हमला किया प्राचीन ग्रंथों के अनुसार राम जो बाद में परशुराम के नाम से जाना जाता था। वह अनूप देश में सहस्त्रार्जुन की कैद में था।

समुद्री पोतों से अनूप देश की सेना लंका में पहुंच गई थी। लंका में समुद्र के किनारे अपनी छावनी का पड़ाव डाल दिया था। शिविर बनाए जा रहे थे। खाद्य सामग्री को सम्भाल कर रखा जा रहा था। चारों ओर जंगल ही जंगल थे। लंका समुद्र के बीच घिरा हुआ एक ऐसा देश था। जिसे चारों

ओर समुद्र होने के कारण काफी सुरक्षित समझा जाता था। सन्देशवाहकों को चारों दिशाओं मैं दौड़ाया गया था। हर कार्य सावधानी से किया जा रहा था।

गुप्तचर विभाग व जासूसी का कार्य अधिकतर औरतों ने सम्भाला हुआ था। वे वीरांगनाएं हथियार चलाने में प्रवीण थी। ये अपना भेष बदलकर शत्रु को धोखा देकर अपना कार्य निकालने में निपुण थी। शत्रु सैनिकों के पास जाकर उनसे गुप्त सूचनाएं प्राप्त करती थी और अपनी विजयवाहिनी तक भेजती थीं। इन जासूस व गुप्तचर वीरांगनाओं में विष कन्यायें भी होती थी। जो शत्रु की सेना के सरदारों तक पहुंच कर गुप्त सूचनाएं प्राप्त करती थी। उनके यौन अंगों पर बहुत भयानक विष का लेप किया होता था। इन गुप्चर कन्याओं के किसी अंग का मुंह से स्पर्श करते ही शत्रु कुछ ही क्षणों में मृत्यु शैय्या पर पड़ा होता और वे वीरांगनायें अपना कार्य पूरा कर वहां से बच निकल जाती थीं।

विजयवाहिनी को गुप्तचर विभाग के जासूसो द्वारा यह सूचना प्राप्त हो चुकी थी कि रास्ते से शत्रु पर हमला करना है। शत्रु कितनी मात्रा में कहां–कहां पर है। महाबलाधिकृत को ये सूचना प्राप्त होते ही सेना के नायकों व सरदारों को आदेश दे दिए थे कि हमला किस–किस दिशा में करना था।

अगले दिन सुबह ही विजयवाहिनी शत्रु की सेना की तरफ प्रस्थान कर चुकी थी। मार्गदर्शक व संदेशवाहक विजयवाहिनी के आगे–आगे चल रहे थे। रास्ते में घने जंगलों से गुजरना था। जिनमें रास्ता बनाना कठिन था। जहां से भी विजयवाहिनी आगे बढ़ती वहीं से गांव के गांव खाली हो जाते। लोग अपने पशुओं को लेकर जंगल में दूर जा ठहरते। विजयवाहिनी अपने पीछे सभी फसलों को उजाड़ती हुई सिर्फ धूल भरे रास्ते ही छोड़कर जाती थी।

विजयवाहिनी शत्रु की सेनाओं के निकट पहुंच चुकी थी। दोनों सेनायें आमने–सामने खड़ी थी। विजयवाहिनी की तरफ से शंख व नगारों की आवाज आई साथ ही शत्रु सेनाओं की तरफ से भी शंख की आवाज आयी।

देखते ही देखते दोनों सेनाएं आपस में टकरा चुकी थी। पैदल–पैदल के साथ लड़ रहा था। अवश्वारोही–अश्वारोही के साथ लड़ रहा था। चारों तरफ मारकाट छिड़ चुकी थी। आवाज व खून के बहाव ने वातावरण को डरावना बना दिया था। सांय तक घमासान युद्ध हुआ। दोनों ओर से हजारों जवान शहीद हुए। अनगिनत पशु मौत के घाट उतारे गए।

विजयवाहिनी आगे बढ़ती जा रही थी। इसी बीच सूर्य की लालिमा दिखाई देने लग गई थी। अन्धेरा बढ़ रहा था। लड़ाई रूक चुकी थी। सभी योद्धागण अपने–अपने शिविरों को चले गए थे। पूरा दिन घमासान युद्ध के कारण अनेक पशु मारे गए थे। शहीद सैनिक चारों ओर बिखरे पड़े थे, किसी की बाजू नहीं थी। किसी की गर्दन नहीं थी। किसी के शरीर में गहरा घाव था। सभी जख्मी योद्धाओं को मरहम पट्टी की जा रही थी। इसी बीच रावण द्वितीय की तरफ से संदेशवाहक सन्देश लेकर सहस्त्रार्जुन के शिविर में पहुंचा। सन्देश रावण द्वितीय द्वारा भेजा गया था कि वह संधि करने के लिये तैयार है। दोनों ओर के अधिकारियों की बैठक में सन्धि पर हस्ताक्षर किए गए।

गिरनार की लड़ाई :

उज्जयन्त अथवा गिरनार पर्वत की तलहटी में यादव गोत्र रहता था। जमदग्नि के लड़के राम को महिष्मती के राजा सहस्त्रार्जुन ने कैद करके रखा हुआ था। जिस समय आर्यवर्त पर हमला करके सहस्त्रार्जुन जमदग्नि के लड़के राम को उठा कर ले गया था। उसी समय सप्तसिन्धु के राजा सुदास की बहन लोमहर्षीणी को भी उठा कर ले गया था। सहस्त्रार्जुन उससे शादी करना चाहता था। सप्तसिन्धु के राजा सुदास ने भी अपनी बहन लोमहर्षिणी की शादी राजा सहस्त्रार्जुन के साथ हुई मान ली थी। लेकिन सहस्त्रार्जुन लंका की लड़ाई में चला गया और उनके शादी रस्म पूरे न हो सकी । जिसके जाने के बाद राम ने अपने धार्मिक कार्यो के कारण सहस्त्रार्जुन की रानी भृगा को खुश कर लिया और उसे राम को जेल से बाहर निकालने के लिए राजी कर लिया।

राम अवसर का लाभ उठाकर और सहस्त्रार्जुन की होने वाली रानी लोहमर्षिणी को अपने साथ लेकर महिष्मती राज्य से निकल भागा और गिरनार की तलहटी में बसे भृगुओं में जा पहुंचा। गिरनार पहुंच कर राम परशुराम भद्रश्रेण्य से जा मिला। भद्रश्रेण्य एक विद्रोही नेता था। वे महाबलाधिकृत रूरू से लड़ने की हिम्मत न बना सके। और अपने सभी सैनिकों को लेकर गिरनार से आर्यवर्त की तरफ दौड़ पड़े। जिसका वर्णन प्राचनी ग्रंथों के अनुसार इस प्रकार है, ''आठ व्यक्ति जैसे उड़ते हुए घोड़ों पर मही नदी के किनारे पर जा रहे थे। उन आठ आदमियों के बीच चालीस पानीदार घोड़े थे। एक पहर बीतने के उपरान्त प्रत्येक अश्वरोही अपना घोड़ा बदलता था। इससे घोड़ों को थकान कम होती थी और उनकी गति का वेग बढ़ जाता था। इस प्रकार परशुराम व भद्रश्रेण्य अपनी सेनाओं को लेकर भागे जा रहे थे। अश्वारोही न तो थक रहे थे और न उन्हें भूख लग रही थी। उनकी एकाग्र दृष्टि क्षितिज पर टकराती थी।

''भद्रश्रेण्य ।'' भागर्व ने कहा, 'एक क्षण का भी विलम्ब उचित नहीं है। यहां आगे चलकर कितने और अपने आदमी हैं। कोई दो–सौ होंगे। सब मिलकर इन जंगलों में भृगु कितने होंगे? चार सौ''। आर्नत में कितने होंगे? एक सहस्त्र। प्रतीप कहां है? यहां से अर्वान्त जाते हुए मही के तट पर ही उसने एक बड़ा सा गोत्र बसा लिया है''।

भद्रश्रेण्य । सहस्त्रार्जुन भृगुओं का संहार करने के लिए एक विशाल सेना भेज रहा है। मैंने चारों ओर अपने आदमी भेज दिये हैं। विमय और विसाखा के साथ भी जो लोग हों, उन्हें बुला लो। पीछे रहने पर वह किसी को जीवित न छोड़ेगा। उनके महाबलाधिकृत रूरू की मर्दानगी का इस समय संसार में कोई मुकाबला करने वाला नहीं है। उनके साथ लड़ाई करने का मतलब होगा हम भृगु गोत्रियों का सर्वनाश। इसलिये हमारे लिए यही बेहतर है कि हम देश को छोड़ आर्यवर्त को चले जायें। मैं जमदग्नि पुत्र परशुराम आपका अपना गुरू होने के नाते आपको आदेश देता हूं कि आप सभी मेरे साथ इस गिनार नामक स्थान को शीघ्र से शीघ्र छोड़ दो।

''क्या कहा है आपने?''

तालबाहु को महाबलाधिकृत के पद से हटाकर सौराष्ट्र भेज दिया है। सहस्त्रार्जुन ने रूरू को नए महाबलाधिकृत का कार्यभार सौंप दिया है। पांच सहस्त्र शर्यातों को उसने एकत्रित किया। उसने आर्नत राज्य को भी दो सहस्त्र सैनिक लेकर उपस्थित होने की आज्ञा दी है। उसके यहां आ पहुचंने के पहले ही हमें यहां से अपनी सेना व भृगुओं को लेकर जाना होगा। हमारी रक्षा केवल आर्यवर्त पहुंचने पर ही हो सकती है।

'हमारी संख्या सहस्त्रों में है। हमें शीघ्र से शीघ्र इस स्थान को छोड़ देना चाहिए। अवन्तिराज भी हम पर हमला कर सकता है क्योंकि सहस्त्रार्जुन ने ऐसा करने के लिए उसको आदेश दिए है''। परशुराम ने कहा ।

अवन्ति गोत्र का राजा वितिहोत्र भद्रश्रेण्य का मौसेरा भाई था। और उनका बाल सखा भी था। वितिहोत्र के कोई पुत्र नहीं था। उसको यह बात चुभा करती थी। उसकी यह धारणा थी कि महाअर्थवण ऋचक का श्राप ही शायद उनके पुत्र न होने का कारण हो। वितिहोत्र चाहता था कि वह महाअर्थवण ऋचक के पौत्र राम से मिल कर ही उस का श्राप से अपने आप को माफ करवा सकता है। उनके मन में किसी दिन गुरूदेव की पूजा कर उनसे कृपा याचना करने की इच्छा भी उसके मन में उठी थी। परशुराम वितिहोत्र के पास यह सोच कर गया था कि वह किसी भी प्रकार से उनको मनवा लेगा कि वह प्रतीप पर हमला नहीं करेगा। क्योंकि वह महिष्मती राज्य के संघ में था। उसके लिए दुःख था तो केवल यह कि उसकी छः पत्नियां थी। पर किसी भी पत्नी से पुत्र नहीं था। वह अपनी स्त्रियों सहित दिन में दो बार पशुपति महाकाल की पूजा किया करता था। जंगल में सिद्देश्वरी के टिले पर कापालिक लोग रहा करते थे। उन्हें भी प्रसन्न रखने का वह प्रयत्न करता था।

इन कापालिकों की गुरू थी एक स्त्री महादेवी सहस्त्रों वर्षो से राख खाकर जी रही थी। वह हमेशा समाधि में मग्न रहा करती थी। और त्रिकाल दर्शन की अधिकारिणी थी। वितिहोत्र के मन में उससे आर्शीवाद प्राप्त करने

की तीव्र उत्कण्ठा थी पर उसे समाधि में से जगा लेना टेढ़ी खीर थी। ऐसा कहा जाता है कि यदि उसे कोई उसकी समाधि से जगा लेता था तो उसे वह श्राप द्वारा जलाकर भस्म कर देती थीं और यदि वह किसी को आर्शीवाद देना चाहती तो स्वयं ही अपनी समाधि से उठकर उसे बुला लिया करती थी। ऐसी ही एक दम वितिहोत्र को अचानक आवाज सुनाई दी थी और वह उसी टिले की ओर भागा था जहां पर वह साध्वी तपस्या किया करती थी। जब वह दौड़ता हुआ वहां पर गया और साध्वी से आर्शीवाद प्राप्त किया वहां पर सामने परशुराम को भी खड़ा देखा था।

परशुराम ने वितिहोत्र से प्रतीप पर हमला न करने के करे बारे प्रार्थना की पर वह सहस्त्रार्जुन व महाबलाधिकृत रूरू के साथ किसी भी प्रकार का छल–कपट करने के पक्ष में नहीं था। इस लिए परशुराम की कोई भी प्रार्थना मानने से उसने तुरन्त इन्कार कर दिया था। जिस टिले पर वो दोनों खड़े थे वहां चारों ओर अस्थि–पिंजर, राख, खोपड़ियां इत्यादि कापालिकों की प्रिय वस्तुयें पड़ी रहा करती थी। एक और उन्होंने कापालिकों को देखा वहीं से वह पुकार आ रही थी।

कापालिकों और अघोरियों की यह महादेवी के समान सिद्देश्वरी थी ऐसा माना जाता था कि वह सहस्त्रों वर्षो से तपस्या कर रही है और अमर है। उसके जीवन व आयु के बारे कोई भी नहीं बतला सकता था। उसके मंत्रों से अनेक प्रकार की सिद्वियां मिल सकती थी। यह लगातार समाधि में बैठी रहा करती थी। और तीन वर्ष में जब वह जागती थी तो अघोरियों का बड़ा भारी उत्सव होता था। वितिहोत्र के कान में हर्ष की एक ठंकार–सी हुई, दौड़ते हुए जाकर नमस्कार किया। महादति ने आज उसी के लिए समाधि त्यागी थी।

पन्द्रह दिनों से प्रतीप द्वारा स्थापित भृगु गोत्र की छावनी में सहस्त्रों भृगु प्रस्थान की तैयारी कर रहे थे। दिन और रात लोग चारों और से आते जा रहे थे। सहस्त्रार्जुन के सर्वनाशकारी क्रोध से बचने के लिये अज्ञात जंगलों, पर्वतों तथा मानव आक्रमण से अब तक अस्पर्श्य मरूस्थलों में

होकर आर्यावर्त जाने के लिये यह मानव समूह तैयार हो रहा था।

तीन दिन पहले मार्ग शोधक टुकड़ी आगे निकल चुकी थी। अगले दिन स्थान खोजकर विरामस्थल निर्दिष्ट करने वाली टोली जा चुकी थी। उसकी अगली सायं को कुछ सेना लेकर प्रतीप मार्ग को साफ करने के लिये आगे बढ़ रहा था।

भृगुओं का एक विशाल समुह आज सवेरे प्रस्थान करने वाला था। पहले ग्वालों का समूह पशुओं को लेकर रास्ता बनाने को गया। उसके पीछे–2 गाड़ियों में स्त्रीयों आदि को साथ लेकर आगे बढ़ा। दो सहस्त्र गाड़ियां चल रही थी। चारों और सैनिकों का ब्यूह उन्हें घेर कर चल रहा था। लोमा, कुर्मा और विशाखा उस ब्यूह के नायक थे। इस गोत्र के ब्यूह के पीछे एक छोटा सा सैनिक दल धीरे–2 आ रहा था। उज्जयन्त उसका नायक था।

इसके पीछे–2 चुने हुये योद्धाओं का एक सैनिक दल कुछ कोस की दूरी पर चल रहा था। भद्रश्रेण्य और विमद उसके अग्रणी थे। पीछा करने वाले किसी भी आक्रमणकारी सैनिक दल का सामना करके उसे रोकने का काम इस सैनिक दल को सौंपा गया था। सेनापति रूरू को सेना के बारे अभी कोई भी पता नहीं था कि वह पीछे–पीछे आ रहा है या कि नहीं फिर भी परशुराम व उसकी सेना जो राजा स्वयं उसका नेतृत्व कर रहे थे। सेनापति रूरू से भयभीत थे। परशुराम हाथ में प्रचण्ड परशु को लेकर तेज के पुन्ज से चौकसी ढंग से बीचो–बीच घूम रहे थे। उनका काला घोड़ा हवा के समान तेज दौड़ने वाला बीच–बीच में हिन हिना रहा था।

चलते–चलते पशु व सैनिक बुरी तरह थक चुके थे। रास्ता भी साफ दिखाई देना मुश्किल हो रहा था। वहीं स्थान देखकर सेना ने पड़ाव डाल दिया था। पशुओं की सेवा की जा रही थी। पशुओं को चारा डाला जा रहा था। अपनी गाड़ियों की अच्छी प्रकार से चांच पड़ताल की जा रही थी और अगले दिन के लिए तैयार किया जा रहा था। खाना बन रहा था। सैनिक खाना खा रहे थे। परशुराम बीच में चिन्तित हालात में घूम रहे थे। सारी रात

पशु व सैनिकों ने आराम किया और उसके बाद अगले दिन चलने की तैयारी प्रातः से ही आरम्भ हो गई थी।

दिन निकलते ही पशु व गाडियां दुबारा से यात्रा करने के लिए चल पड़ी थी। बीच–बीच में परशुराम कहते फिर रहे थे कि गति धीमी न होने पाये। गति को तेज करने पर ही हम आर्यवर्त पहुंच पायेंगे। यह समय हमारे रूकने व आराम करने का नहीं है। पूर्ण विराम केवल उसी हालात में देना है जबकि पशु आगे बढ़ना बन्द कर दे या पूरी तरह से थक जायें। मैं सभी भृगुओं को यहां से ले जाना चाहता हूं। पता चला है कि सहस्त्रार्जुन के सेनापति रूरू ने गिरनार पर हमला करने की तैयारी आरम्भ कर दी है। मैं भृगुओं और मेरे साथ जो सैनिक है। इनका सर्वनाश नहीं करवाना चाहता, क्योंकि मैं सहस्त्रार्जुन के सेनापति रूरू की दैविक यौद्धा व महारथी वाली शक्ति को अच्छी प्रकार जानता हूं कि सेनापति रूरू से लड़ाई का मतलब है भृगुओं का सर्वनाश और सेनापति रूरू की विजय। देरी करना हमारे लिए घातक होगा। सेनापति रूरू अपनी सेना को लेकर जब तक महिष्मती से गिरनार पहुंचे। हमें गिरनार की तलहटी को छोड़ कर आर्यवर्त पहुंच जाना चाहिए नहीं तो सेनापति रूरू हमें यमलोक पहुंचाकर ही छोड़ेगा।

प्रचण्ड अजगर के समान भृगुओं की गाड़ियों की श्रेणी योजनों तक फैली जा रही थी । चलते हुए पहियों की चू–चूड़ध्वनि पशुओं और घोड़ों के शब्द और मानव–समूह के कोलाहल से निर्जन जंगलों में विचित्र प्रतिध्वनियां हो रही थी। सारा वातावरण आशा और उत्साह से भरा था। सभी सेनापति रूरू के भय से ग्रस्त थे जबकि सभी महिष्मती देश में ही पले थे लेकिन उन्होंने देश विद्रोह का फल भोगना पड़ रहा था। सभी भयभीत थे कि कहीं सेनापति रूरू की सेना उन तक न आ पहुंचे। परशुराम काले घोड़े पर बैठे हुए थे। और चिन्तित और बेचैन दिखायी दे रहे थे वो सभी को कहते फिर रहे थे कि गति किसी भी हालात में धीमी न होनी पाये।

विशाखा और कुर्मा के नेतृत्व में चल रही गाड़ियां और सैनिक दल की व्यवस्था बहुत अच्छी प्रकार की गयी थी । परशुराम नायक विशाखा और नायक कुर्मा के साथ सारे मानव–समूह की व्यवस्था को अच्छी प्रकार

परख रहे थे। प्रति दस गाड़ियों पर उन्होंने एक–एक नायक नियुक्त किया हुआ था और ऐसे पांच नायकों पर एक–एक मुखिया नियुक्त किया गया था। कुछ अश्वारोही थोड़े–थोड़े अन्तर पर इधर से उधर चक्कर लगाकर सन्देश पहुंचा आते, और इस प्रकार सारे तंत्र का संचालन सरल हो गया था।

अवन्तिनाथ ने प्रचूर खाद्य सामग्री दे दी थी। उनके साथ भेजे हुए मार्गदर्शक जंगलवासियों से मिलकर भी कुछ व्यवस्था कर दिया करते। अधिकांश लोगों को तुरन्त शिकार करके ही खाना जुटाना पड़ता था। इसलिए प्रत्येक नायक उसकी खोज में घूमा करता था। किसी नदी या झरने के किनारे पर प्रवासी यात्रा के मध्य और मध्य रात्रि में विश्राम करते, उस स्थान से आवश्यक पानी भरकर साथ ले लेते। और आगे बढ़ जाते। आवश्यकता पड़ने पर पशुओं आदि को भी वहीं पर पानी पिलाया जाता था। गोत्र के प्रवास के परिचित लोगों को आरम्भ में तो यह सब सरल जान पड़ा। श्रद्धा की सरिताएं चारों ओर बह रही थी। और सबको भिगो रही थी। सामान्य प्रवासी को इस बात की चिन्ता नहीं थी कि इतना बड़ा समूह कैसे आर्यवर्त पहुंचेगा। रास्तें में किस–किस प्रकार की कठिनाईयां सामने आयेंगी। कुछ लोग तो यह सब कुछ समझ ही नहीं पा रहे थे। सभी ये सोच भी रहे थे कि आर्यवर्त कैसा स्थान होगा वहां पर किस प्रकार की जलवायु होगी। लोग कैसे अपना जीवन निर्वाह कर रहे होंगे। कुछ लोग तो परशुराम की कमजोरी को बुरा–भला भी कह रहे थे। वो लड़कर शहीद होना बेहतर समझते थे। लड़ाई से डर कर भागना क्षत्रिय धर्म नहीं कहलाता पर वो परशुराम व भृगुओं के साथ भागने पर मजबूर थे। महिष्मति देश व आसपास भी सभी गोत्र आर्य ही थे। लेकिन उन आर्यो और आर्यवर्त के आर्यो में बहुत बड़ा अन्तर था। आर्यवर्त के आर्य कुछ धार्मिक अधिक थे हवन, यज्ञों आदि में बहुत विश्वास रखते थे लेकिन महिष्मती देश के आर्यो में ऐसा नहीं था। वहां पर कई गोत्र तो असभ्य व जंगली थे। पानी की कमी थी।

प्रस्थान के तीसरे दिन सभी गाड़ियां, पशु और सैनिक तेज गति के साथ अपनी यात्रा को तय करते हुए आगे बढ़ रहे थे। उसी दिन पीछे कहीं

दौड़ते हुए आ रहे घोड़ों की टापों की गूंज सुनायी पड़ी। दौड़ते घोड़ों पर आकर मार्गदर्शक ने सूचना दी कि सेनापति रूरू अपना सैनिक बल लेकर महिष्मती की सीमा पार करके उज्जयन्त अथवा गिरनार के इलाके में प्रवेश कर गया है। उसके साथ एक शक्तिशाली सेना दल है। उसी वाहिनी की गति को देखते हुए वह हम तक बहुत ही शीघ्र पहुंच जायेंगे। सेनापति रूरू की वाहिनी की गति को देखते हुए हमें अपनी वाहिनी की व पशुओं की गति को बढ़ाना पड़ेगा। रास्ते में आराम के लिए विराम कम देने होंगे, तभी हम अपनी वाहिनी व पशुओं के साथ आर्यवर्त सेनापति रूरू के हम पर हमला करने से पहले पहुंच सकते हैं। इसलिए एक ही उपाय हमारे सामने है वह है गति और तेज गति।

एक काले घोड़े पर परशुराम उधर ही आ रहे थे जो बहुत चिन्तित व बेचैन दिखायी दे रहे थे। उनके आते ही सभी ने आवाज दी कि भागर्व आ गए हैं। भगवती और कुर्मा ने उनके चरणों की धूल माथे को लगाई। सभी को कुशल पूछते हुए भार्गव पैदल चलकर गाड़ियों के पास गए। गाड़ियां रूक गई। लोग उतरकर भार्गव के पांव पड़ने लग गए। भागर्व आर्शीवाद देते हुए आगे बढ़ चले। रात हो गई थी। रात होने पर गाड़ियां छोड़कर सब लोग भोजन के प्रबन्ध में लग गए। पड़ाव के चारों और वनचरों को दूर रखने के लिए आग की होलियां जला दी गयी ताकि जंगली जानवर नजदीक पहुंचकर कोई हानि न पहुंचा दें। रात को सब मुखियागण गुरूदेव भार्गव के पास आये। भगवती, विशाखा, कुर्मा और उज्जयन्त तो वहां पर पहले से ही उपस्थित थे।

हम यात्रा पर चल रहे हैं। हमें सैंकड़ों योजन जाना है हमें अपने भृगुओं को बचाना है। सेनापित रूरू के सामने टिक पाना हमारे लिए बहुत ही कठिन है। यह मैं मानता हूं और सच भी है कि इस समय मैंने क्षत्रिय धर्म धारण कर रखा है। क्षत्रिय वीर का लड़ाई के मैदान से डरकर भागना शोभा नहीं देता। इसको मेरे लिए सहन करना दिल पर बहुत बड़ा भार उठाना है। इस यात्रा में हमारा कुछ नियम बना लेना बहुत जरूरी है। हमारा पहला धर्म है कि सबको पूरा–पूरा भोजन मिल सके, दूसरा यथासम्भव व तेज गति से